# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, कासगंज।

**प्रशासनिक आदेश संख्या-** 01 **दिनांक-** 01.01.2024

## आदेश

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा निर्गत पत्र संख्या- 15541/XC-4/Admin.(E-1)/2024/Allahabad; दिनांकित: नवम्बर 29, 2023 के साथ अधीनस्थ न्यायालयों हेतु जारी कैलेण्डर वर्ष 2024 के टिप्पणी संख्या-3 के अनुसार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को जिलाधिकारी से विचार-विमर्श करके 05 दिवस का स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने का प्रावधान किया गया है।

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के उपरोक्त पत्र, जिलाधिकारी, कासगंज द्वारा स्थानीय अवकाशों के सम्बन्ध में प्रेषित पत्र संख्या- 680/नाजिर सदर/ स्था० अवकाश-2023 दिनांकित 11.12.2023 एवं कासगंज बार एसोसिएशन द्वारा प्रेषित पत्र संख्या- 425 दिनांकित 11.12.2023 के अनुक्रम में मेरे द्वारा प्रभारी प्रशासन/तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश, कासगंज से आख्या आहूत की गयी। उक्त के अनुक्रम में प्रभारी प्रशासन द्वारा प्रस्तुत आख्या दिनांकित 21.12.2023 का अवलोकन किया गया।

तदनुसार माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या- 68/एक्स ई-4 दिनांकित 26.07.1980 के साथ पठित माननीय न्यायालय के उक्त कैलेण्डर में दी गयी शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्रभारी प्रशासन/तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश, कासगंज द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त आख्या के आलोक में जनपद न्यायालय कासगंज हेतु कैलेण्डर वर्ष 2024 में निम्न तालिका अनुसार 05 दिवस का स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है:-

| क्रम संख्या | अवकाश का दिनांक | दिवस का नाम | पर्व/त्यौहार (स्थानीय अवकाश का महत्व) |
|---|---|---|---|
| 01 | 05.04.2024 | शुक्रवार | जमात-उल-विदा (अलविदा) रमजान का अन्तिम शुक्रवार/महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज गुहय जयन्ती |
| 02 | 19.08.2024 | सोमवार | रक्षाबन्धन |
| 03 | 11.10.2024 | शुक्रवार | दुर्गा अष्टमी |
| 04 | 31.10.2024 | बृहस्पतिवार | छोटी दीपावली |
| 05 | 11.12.2024 | बुधवार | मेला मार्गशीर्ष |

साथ ही माननीय न्यायालय द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों हेतु निर्गत कैलेण्डर-2024 के टिप्पणी संख्या-7 द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि यदि कैलेण्डर में वर्णित कोई राष्ट्रीय या अन्य अवकाश द्वितीय शनिवार या रविवार को पड़ता है तो जनपद न्यायाधीश उसके स्थान पर अतिरिक्त दिवस को अवकाश के रूप में घोषित कर सकते हैं। अतएव **दिनांक 24.03.2024 (रविवार) को "होली अवकाश"** होने के कारण इसके स्थान पर **दिनांक 12.04.2024 (शुक्रवार)** को अतिरिक्त दिवस का अवकाश घोषित किया जाता है ।

उक्त कैलेण्डर में **दिनांक 13.10.2024 (रविवार)** को **"दशहरा अवकाश"** है। चूंकि माननीय न्यायालय द्वारा प्रेषित उक्त कैलेण्डर के टिप्पणी संख्या- 08 में यह निर्देशित किया गया है कि जनपद न्यायालयों में कार्य दिवस एक वर्ष में 265 दिन से कम नहीं रहेगा। प्रभारी प्रशासन/तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश, कासगंज की उपरोक्त आख्यानुसार, माननीय न्यायालय के उक्त कैलेण्डर में से 52 रविवार, 12 द्वितीय शनिवार, 12 चतुर्थ शनिवार, 19 सार्वजनिक अवकाश, 05 स्थानीय अवकाश, 02 अतिरिक्त अवकाश दिवस को घटाने के उपरान्त न्यायालय में 264 कार्य दिवस ही शेष रह जाते हैं। अतः **दिनांक 13.10.2024 (रविवार)** को **"दशहरा अवकाश"** होने के कारण इसके स्थान पर अतिरिक्त दिवस का अवकाश घोषित किये जाने की आवश्यकता नहीं है।

घोषित किये गये अवकाशों की सूचना माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद को प्रेषित किया जाये।

समस्त सम्बन्धित सूचित हों।

(सैयद माऊज बिन आसिम)
जनपद न्यायाधीश,
कासगंज।

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-</u>

1- प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय कासगंज।
2- पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिकरण, कासगंज।
3- अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, जनपद कासगंज।
4- जिलाधिकारी, कासगंज।
5- पुलिस अधीक्षक, कासगंज।
6- सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कासगंज को समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।
7- अधीक्षक, जिला कारागार कासगंज।
8- मुख्य चिकित्साधिकारी, कासगंज।
9- जिला अभियोजन अधिकारी, कासगंज।
10- समस्त बार एसोसियेशन, कासगंज को सूचनार्थ।
11- केन्द्रीय नाजिर को जनपद न्यायालय कासगंज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
12- सिस्टम आफीसर आदेश की सूचना जपनद न्यायालय कासगंज की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
13- गार्ड फाइल।

सत्य प्रतिलिपि
31/01/24
प्रशासनिक लिपिक
जनपद न्यायालय, कासगंज

